दिनांकः 22.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर रही हैं। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन और वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। राजस्थान की ओर से उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी भाग ले रही हैं।
इससे पहले कल, केन्द्रीय वित्त मंत्री ने किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श किया था। वित्त मंत्री आज ही जीएसटी परिषद की बैठक भी लेंगी। नई सरकार के गठन के बाद यह जीएसटी परिषद की पहली बैठक है। जीएसटी परिषद की आखिरी बैठक पिछले वर्ष सात अक्टूबर को हुई थी। इस दौरान परिषद ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे।

....

जालौर जिले के मौजा उनड़ी गांव में नया औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 20 हैक्टेयर से ज्यादा भूमि आवंटन को मंजूरी दे दी है। इससे स्थानीय क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण रीको की ओर से किया जाएगा।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में झालावाड़, कोटा और जयपुर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्याद 117 मिलीमीटर बारिश झालावाड़ के खानपुर में हुई। कोटा के चेचक में 106, झालावाड़ के गंगधर में 84 और जयपुर के फागी में 80 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। विभाग ने आज भी बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में बारिश की संभावना जतायी है। विभाग ने कहा है कि राज्य के कुछ भागों में मॉनसून पूर्व की गतिविधियां आगामी दिनों में भी जारी रह सकती हैं। उदयपुर, कोटा, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में अगले तीन–चार दिन बारिश हो सकती है। बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी दो–तीन दिन में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

....

आज विश्व ऊंट दिवस है। इस अवसर पर बीकानेर जिले के राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र पर ऊंटों की विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन्हें देखने देशी–विदेशी पर्यटक भी पहुंचे हैं। इसके अलावा ऊंटों पर परिचर्चा भी आयोजित की जाएगी। सरहदी जिले जैसलमेर में ऊंट दिवस को लेकर वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। ऊंट पालकों की ओर से ऊंट संरक्षण पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर ऊंटनी के दूध से बनने वाले उत्पादों और उनकी मार्केटिंग को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। पाली में ऊंट रैली निकाली गयी।

....

भरतपुर–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोलोनी पुल के पास आज सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ये दुर्घटना गाड़ी के अनियंत्रित होकर पलट जाने से हुआ। ये सभी लोग उत्तर प्रदेश के बरेली से दौसा के मेंहदीपुर बालाजी आ रहे थे।

....

अलवर के नाका ढहरा शाहपुर के अमृतवास वन क्षेत्र में दो शावकों सहित एक बघेरे की मौत हो गयी। उपवन संरक्षक राजेन्द्र कुमार हुड्डा ने बताया कि इनकी मृत्यु बिजली का करंट लगने से हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्ट मॉर्टम के लिए भिजवाया दिया गया है। इस खबर से वन्यजीव प्रेमियों में दुख का माहौल है।

....

भरतपुर में बाल अधिकार का विभाग की ओर से आज नशा मुक्ति जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से मादक पदार्थ के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। साथ ही नशे से मुक्ति के लिए चिकित्सकीय परामर्श लेने का भी आव्हान किया गया।

....

आईसीसी टी–20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सुपर आठ मुकाबलों में भारत का सामना बांग्लादेश से होगा। एंटीगुआ के नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। पिछले मैच में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से हराया था।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का ये पहला अंक होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं। इस अंक के लिए 28 जून तक सुझाव भेजे जा सकते हैं।

....